# चित्रकूट-पुलिस

**(1). थाना बरगढ़ पुलिस ने 16 वर्षों से फरार 10 हजार रुपये के इनामिंया अपराधी को अवैध तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्य तथा उनकी टीम द्वारा 16 वर्षों से फरार 10 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी हिनौता पाण्डेय थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हाल पता कोहडार घाट थाना मेजा जनपद प्रयागराज को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

दिनेश कुमार पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी हिनौता पाण्डेय थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हाल पता कोहडार घाट थाना मेजा जनपद प्रयागराज

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 156/2008 धारा 457,380,411 भादवि थाना बरगढ जनपद चित्रकूट
2.मु0अ0सं0 186/2007 धारा 380,411 भादवि थाना बरगढ जनपद चित्रकूट
3.मु0अ0सं0 35/24 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना बरगढ जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-**

स्थान मड़हा तिराहा मोड बहद ग्राम मड़हा थाना बरगढ़, दिनाँक 07.04.2024 की सुबह समय 06.10 बजे

**सक्षिप्त विवरणः-**

आज दिनाँक 07.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ एवं उनकी टीम द्वारा को मुखबिर की सूचना पर मड़हा तिराहा बहद ग्राम मड़हा से 16 वर्षों से फरार, 10 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी हिनौता पाण्डेय थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज हाल पता कोहडार घाट थाना मेजा जनपद प्रयागराज गिरफ्तार किया गया, जामा तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध तमंचा बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना बरगढ़ में मु0अ0सं0 35/24 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 03.03.2008 को वादी श्री चुनकू पुत्र धनपत निवासी कस्बा व थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट ने थाना बरगढ़ में सूचना दी थी कि अज्ञात लोगों ने उनके घर से लाइसेंसी डीबीबीएल गन, सोने चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ली है। इस सूचना पर थाना बरगढ़ में मु0अ0सं0 156/2008 धारा 457,380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना से अभियुक्त दिनेश कुमार उपरोक्त एवं इसके 09 अन्य साथियों के नाम प्रकाश में आये थे। अभियुक्त दिनेश उपरोक्त के 09 साथियों को पूर्व में गिरप्तार किया गया था जिनके कब्जे से चोरी गयी डीबीबीएल गन बरामद हुयी थी, अभियुक्त दिनेश उपरोक्त जबसे लगातार फरार चल रहा था। अभियुक्त दिनेश उपरोक्त की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्य
2.उ0नि0 श्री पवन कुमार प्रधान
3.उ0नि0 श्री राजेश कुमार यादव
4.आरक्षी आशीष कुमार

5.आरक्षी आकाश कुमार
6.महिला आरक्षी रुचि वर्मा

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 05 अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा तथा 04 अभियुक्तों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।
**(i). प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह** द्वारा अभियुक्त 1. वीरेन्द्र पुत्र जागेश्वर 2. जानकीशरण पुत्र शिव भवन 3.धर्मेन्द्र 4.धीरेन्द्र पुत्रगण जागेश्वर निवासीगण कालूपुर पाही 5.शिवनन्दन उर्फ रामविलास पुत्र बोड़ीलाल निवासी बालापुर खालशा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 03 यूपी0 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।
**(ii). प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह** द्वारा अभियुक्त 1.लल्लू यादव पुत्र उमाशंकर निवासी बड़ातीर सरैंया 2. जवाहरलाल पुत्र रामपाल निवासी सिगवां कोटा कंदैला 3. प्रशांत कुमार पुत्र नर्वदा प्रसाद निवासी चमरौंहा 4. बलराम उर्फ लल्लू पुत्र रामनरेश उर्फ मुन्ना निवासी गांधीनगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रामकृत यादव तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त अनिल पुत्र राजमन निषाद वासी बेलहा मजरा बरियारी कला थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में मु0अ0सं0 109/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया ।
**<u>बरामदगी:-</u>**
01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12
**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>:-**
1.उ0नि0 श्री रामकृत यादव थाना मऊ
2.मुख्य आरक्षी इकरार अहमद
3.आरक्षी सौरभ राजपूत

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री मनीष कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इंदल यादव तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त रामबाबू कोल पुत्र सीताराम कोल निवासी करौंहा थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।
**<u>अभियुक्त रामबाबू का अपराधिक इतिहास:-</u>**
1.मु0अ0स0 06/16 धारा 147,148,149,302 भादवि0 थाना मानिकपुर)
2.मु0अ0सं0 50/16 धारा 147,148,149,307,504,506 भादवि0 थाना मानिकपुर)
3.मु0अ0स0 06/16 धारा 323,504,506,332,353 भादवि0 व 12/14 DA ACT थाना मारकुंडी
4.मु0अ0सं0 46/16 धारा 147,148,149,380,386,323,504,411 भादवि0 व 12/14 DA ACT थाना बहिलपुरवा
5.मु0अ0स0 47/16 धारा 147,148,149,307,411,506 भादवि0 व 12/14 DA ACT थाना बहिलपुरवा)
6.मु0अ0स0 23/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मारकुंडी
**<u>बरामदगी:-</u>**
01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315
**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>:-**
1.उ0नि0 श्री इंदल यादव थाना मारकुण्डी

2.आरक्षी लालू यादव
3.आरक्षी बब्बू राजा

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 04 अभियुक्तों के कब्जे से 106 लीटर कच्ची व 17 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गयी।
**(i). उ0नि0 श्री कन्हैया बक्स सिंह थाना राजापुर** तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र दरोगा निवासी बरुआ थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 101 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।
**(ii).उ0नि0 श्री कालीदीन यादव थाना भरतकूप** तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र श्यामलाल निवासी सुदिनपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।
**(iii).उ0नि0 श्री मातादीन थाना पहाड़ी** तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त बुन्देला पुत्र रामाध्यज 2. पुष्पेन्द्र पुत्र सोमदत्त निवासीगण रइयापुरवा मजरा गढ़ीघाट थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 02-02 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री मनीष कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इंदल यादव तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त ननकू यादव पुत्र खगेश प्रसाद यादव निवासी निवासी छेरिया खुर्द थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट को अवैध खनन करते हुये बिना नम्बर के महेन्द्र बी275 डीआई ट्रक्टर मय ट्राली पर पत्थर लादकर परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में मु0अ0सं0 24/2024 धारा 379,411 भादवि0 व 04/21 खान एवं खनिज अधिनियम व 03 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया। ट्रक्टक ट्राली को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।
**<u>बरामदगीः-</u>**
बिना नम्बर का महेन्द्र बी275 डीआई ट्रक्टर मय ट्राली पर पत्थर लदा हुया
**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>**ः-
1.उ0नि0 श्री इंदल यादव थाना मारकुण्डी
2.आरक्षी लालू यादव
3.आरक्षी बब्बू राजा

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 03 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।
**(क). उ0नि0 श्री मोवालाल मौर्या चौकी सीतापुर** तथा उनके हमराही आरक्षी अतुल परिहार, आरक्षी रविशंकर द्वारा मु0नं0 621/2014 धारा 452,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त हरगोविन्द पुत्र छुट्टन उर्फ छोटेलाल प्रजापति निवासी कटरा गूदर सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
**(ख). उ0नि0 श्री अनिल मिश्रा थाना कोतवाली कर्वी** तथा उनके हमराही आरक्षी महेन्द्र कुमार द्वारा एनसीआर नं0 141/2014 धारा 323,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त शिवसहाय पुत्र ज्ञानी निवासी कोठिलिहाई थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
**(ग). उ0नि0 श्री दिनेश पाण्डेय थाना रैपुरा** तथा उनके हमराही आरक्षी राममूरत मिश्रा द्वारा एसटी नं0 438/21 धारा 3 लोक संपत्ति क्षत्ति निवारण अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त राजेश पुत्र जागेश्वर निवासी भौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(8).** आज दिनाँक 07.04.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक श्री सूर्यकान्त अरुण राय के मार्गदर्शन में एस चेक टीम बांदा, बीडीडीएस,डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा चैत्र मास सोमवतीआमावस्या पर्व के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट , रैन बसेरा,रामायण मेला परिसर आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।

**(9).** आज दिनांक 07.04.2024 को सोमवती अमावस्या मेला के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में कर्वी रेलवे स्टेशन, बेड़ी पुलिया,यूपीटी तिराहा सीतापुर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महोदय द्वारा मेला क्षेत्र में डियूटी में लगे पुलिस बल को चेक किया एवं सतर्कता पूर्वक डियूटी करने हेतु निर्देश दिए गए साथ ही ड्यूटी में लगे पुलिस बल को श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र और संवेदनशील रहने हेतु निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में मेला में लगे सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट,सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं जोनल पुलिस अधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(10).** आज दिनांक 07.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण और भयमुक्त सम्पन्न कराए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्या द्वारा थाना बरगढ़ क्षेत्र के ग्राम कोलमंजरा ,गोईयाखुर्द, सेमरा, हरदीकला, कस्बा बरगढ़, कलचिहा, कोनीया थाना बरगढ़ पुलिस बल एवं मणिपुर एस.ए.पी के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। इस दौरान आम जनता को भरोसा दिलाया कि निर्भीक होकर मतदान करें।